तापमान

भोपाल	28.3°	14.1°
इंदौर	29.0°	15.2°
जबलपुर	27.2°	9.4°
ग्वालियर	25.2°	10.4°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल: वर्ष 39 अंक 30,पृष्ठ 12)
शुक्रवार 29 दिसंबर 2023
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... वरिष्ठ अधिकारियों ने रात भर में किया 125 थानों...

खेल... पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका की पारी और 32 रनों से...

व्यापार... मजबूत हुई बैंकिंग प्रणाली और एनबीएएफसी...

देश-विदेश... राष्ट्रपति पुतिन का मोदी को रूस आने का न्यौता...

www.naiduniaonline.com

गुना बर्निंग बसः मुख्यमंत्री का बड़ा एक्शन...

कलेक्टर-एसपी हटाए गए आरटीओ-सीएमओ निलंबित

भोपाल(काप्र)। गुना में बुधवार रात हुए हादसे में 13 लोगों की मौत के मामले में राज्य सरकार सख्त है। बस का न बीमा था और न ही फिटनेस। भाजपा नेता के भाई की इस बस का रोड टैक्स भी खत्म हो चुका था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना में कार्रवाई करते हुए परिवहन आयुक्त संजय कुमार झा को हटाया।

कलेक्टर तरुण राठी, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री को हटा दिया गया है। गुना आरटीओ रवि बरेलिया और सीएमओ बीडी कतरोलिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा को परिवहन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वहीं प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह से भी परिवहन का अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया गया है। सीएम डॉ यादव ने कहा कि घटना में जो जिम्मेदार है, उसे नहीं छोड़ा जाएगा। गुना हादसे के बाद समय पर फायर ब्रिगेड सेवा उपलब्ध न करवाए जाने के कारण नगर पालिका अधिकारी के निलंबन का कदम उठाया गया है। बस हादसे पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी शोक जाहिर किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मध्य प्रदेश के गुना में हुई सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु का समाचार दुखद है। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। मुख्यमंत्री (शेष पेज 2 पर)

डॉ. मोहन गुना पहुंचे, दिवंगतों के परिजनों को दी सांत्वना, घायलों का जाना हाल, आर्थिक सहायता घोषित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुना से आरोन जाते हुए बजरंगगढ़ के समीप हुई बस दुर्घटना में दिवंगत यात्रियों के परिजनों और घायल यात्रियों से जिला चिकित्सालय में मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा उनके परिजनों को यह वज्रपात सहन करने कि शक्ति देने की कामना की। उन्होंने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घायल यात्रियों के परिजनों से मुलाकात कर बस हादसे में झुलसे यात्रियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा समुचित उपचार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और घायल यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ

गुना सड़क हादसा हृदयविदारकः मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के गुना जिले में सड़क हादसे के दौरान बस में आग लगने के कारण 13 नागरिकों की मृत्यु की घटना को हृदयविदारक बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है कि मध्यप्रदेश के गुना में हुआ सड़क हादसा हृदयविदारक है। इसमें जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं। इसके साथ ही इस दुर्घटना में घायल सभी लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।

बगैर परमिट चल रहे वाहनों के लिए...

परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि गुना हादसे में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के लिए मुख्य सचिव को निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तर से सभी कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि यदि उनके क्षेत्र में बगैर परमिट के वाहन चलते हैं तो सतर्कता बरती जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं। परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव गुना दुर्घटना के प्रभावितों से भेंट के बाद गुना से लौटकर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो का दायित्व निर्धारित करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो यह भी ध्यान रखा जाएगा। यह संवेदनशील विषय है। इस संबंध में राज्य सरकार ने सजगता से ऐसी दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए भी निर्देश दिए हैं। सभी जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध राज्य सरकार आवश्यक रूप से सख्त कार्रवाई करेगी।

मोदी अयोध्या में रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे के उद्घाटन के साथ कई योजनाओं का करेंगे लोकार्पण

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या के पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन और नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के साथ ही वंदे भारत और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ तथा नगरीय विकास एवं सौन्दर्यीकरण की अनेक योजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री मोदी कई अन्य रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे और एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे जहां वह उत्तर प्रदेश में 15 हज़ार 700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

इनमें अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग 11 हजार 100 करोड़ रुपये की परियोजनाएं और पूरे उत्तर प्रदेश में अन्य परियोजनाओं से संबंधित लगभग 4600 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं। कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी जो अयोध्या और उसके आसपास नागरिक सुविधाओं के सौंदर्यीकरण और सुधार में योगदान देगी।

श्री मोदी का दृष्टिकोण अयोध्या में आधुनिक विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास करना, कनेक्टिविटी में सुधार करना और शहर के समृद्ध इतिहास और विरासत के अनुरूप नागरिक सुविधाओं को पुनर्जीवित करना है। अयोध्या के अत्याधुनिक हवाई अड्डे के पहले चरण को 1450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6500 वर्गमीटर होगा, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा के लिए सुसज्जित होगा। टर्मिनल बिल्डिंग का अग्रभाग अयोध्या के आगामी श्री राम मंदिर की मंदिर वास्तुकला को दर्शाता है। टर्मिनल बिल्डिंग के अंदरूनी हिस्सों को भगवान श्री राम के जीवन को दर्शाने वाली स्थानीय कला, पेंटिंग और भित्तिचित्रों से सजाया गया है। अयोध्या हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन विभिन्न स्थिरता सुविधाओं से सुसज्जित है।

सभी आमंत्रित अतिथि राममंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल हों : अनुराग

नई दिल्ली (एजेंसी)। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शीर्ष विपक्षी नेताओं की शिरकत को लेकर संदेह के बीच केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को सभी आमंत्रित लोगों से 22 जनवरी को इस समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री ने कहा कि हम सभी इस क्षण का वर्षों से इंतजार कर रहे थे। भव्य राम मंदिर का हमारा सपना आखिरकार सच हो रहा है। मैं विनम्रतापूर्वक उन सभी आमंत्रित लोगों से 22 जनवरी को मंदिर के समारोह में शामिल होने का अनुरोध करता हूं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जो प्राण-प्रतिष्ठा के बाद में मंदिर की यात्रा की योजना बनाने वालों के लिए ये जरूरी है कि उपलब्ध कराई जा रहीं सभी सुविधाओं की पूरी जानकारी ले लें ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि उन्हें कोई असुविधा न हो। 22 जनवरी को पीएम मोदी राम मंदिर के भव्य उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे जबकि सभी क्षेत्रों से दिग्गज नेताओं, संतों और गणमान्य व्यक्तियों के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।

कैबिनेट मंत्री बनने के बाद विजयवर्गीय ने छोड़ा पार्टी महासचिव का पद

भोपाल (काप्र)। मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए गए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने पार्टी के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया।

श्री विजयवर्गीय ने स्वयं इस बारे में जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि आज मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा से मिला। हमारी पार्टी के सिद्धांत एक व्यक्ति एक पद के अनुसार मैंने महासचिव पद से उन्हें इस्तीफा सौपा। मेरा सौभाग्य रहा कि मैंने 9 वर्ष तक पहले अमित शाह फिर श्री नड्डा के मार्गदर्शन में देश के विभिन्न स्थानों पर संगठन को गढ़ने में प्राणप्रण से कार्य किया। अब मुझे पार्टी ने मध्यप्रदेश में एक नई भूमिका के लिए भेजा है।

दिल्ली में जेडीयू की बैठक खत्म

ललन सिंह के भविष्य पर फैसला आज

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में जेडीयू पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को हुई। इस बैठक के बाद दिल्ली जेडीयू अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा कि ललन सिंह अध्यक्ष हैं, पहले भी थे और आगे भी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार राष्ट्रीय कार्यकारिणी और परिषद की बैठक होगी। हालांकि, सूत्र अभी भी बता रहे हैं शुक्रवार को होने वाली बैठक में ललन सिंह का जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा हो सकता है और नीतीश कुमार इस पद की कमान संभाल सकते हैं। पहले भी नीतीश कुमार जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में शुक्रवार को होने वाली बैठक पर अब सबकी नजरें टिकी हुई हैं। बैठक शुरू होने से पहले एक दिलचस्प तस्वीर ये सामने आई कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेने के लिए एक साथ जंतर-मंतर पर स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे। नीतीश कुमार के आवास पर बैठक के बाद दोनों नेताओं ने एक साथ आने का फैसला किया। इसका उद्देश्य पार्टी में एकजुटता का संदेश देना प्रतीत होता है। पार्टी सूत्रों ने शुक्रवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और परिषद की बैठक में सिंह के जद(यू) अध्यक्ष पद से हटने की संभावना से इनकार नहीं किया। पार्टी के एक नेता ने कहा कि नीतीश कुमार यह जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। हालांकि उन्होंने कहा जेडीयू के दोनों शीर्ष नेताओं की ओर से इस संबंध में कोई पुष्टि नहीं की गई है।

खास-खबरें

दिल्ली और जयपुर समेत देश के 7 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

जयपुर (एजेंसी)। दिल्ली और जयपुर सहित आधा दर्जन से अधिक हवाईअड्डे और विमानों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि बुधवार रात करीब 10:23 बजे एक ईमेल आया जिसमें दावा किया गया कि दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, मुंबई, चेन्नई और अहमदाबाद हवाईअड्डों पर बमबारी की जाएगी। जयपुर एयरपोर्ट पर आधिकारिक कस्टमर केयर आईडी पर धमकी भरा ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और स्थानीय पुलिस की मदद से एयरपोर्ट और वहां उतरने वाले विमानों की जांच, तलाशी और सैनिटाइजेशन शुरू कर दिया।

देश में कोविड-19 के 702 नए मामले

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 702 नए मामले दर्ज किए गए हैं और इसी अवधि में छह लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय डाटा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, सक्रिय कोविड-19 मामलों की कुल संख्या 4,097 तक पहुंच गई है, जो देश में कुल सक्रिय मामलों का 0.01 प्रतिशत है। इस संक्रमण से छह मरीजों की मृत्यु हुई। इनमें से दो मरीजों की मृत्यु महाराष्ट्र में हुईं, जबकि दिल्ली, कर्नाटक, केरल और पश्चिम बंगाल में एक-एक मौत हुई, जिससे मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,33,346 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस मामले में मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है। स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,73,448 हो गयी है।

संसद सुरक्षा सेंधः दिल्ली पुलिस ने आरोपियों की पॉलीग्राफ जांच के लिए अदालत से लगाई गुहार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस ने संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोप में गिरफ्तार सभी छह लोगों की पॉलीग्राफ जांच की अनुमति के लिए गुरुवार को अदालत से गुहार लगाई। पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर की अदालत ने दिल्ली पुलिस की दलीलें सुनने के बाद कहा की वह इस मामले में दो जनवरी को विचार करेगी। अदालत ने कहा कि मामले के सभी अभियुक्तों के वकील के उपस्थित नहीं होने के कारण इस मामले में वह दो जनवरी को सुनवाई करेगी। तेरह दिसंबर को हुई घटना के मामले में गिरफ्तार सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, नीलम देवी, ललित झा और महेश कुमावत अदालती आदेश पर पांच जनवरी 2024 तक दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की हिरासत में हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न संगीन धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था।

कांग्रेस के स्थापना दिसव पर आयोजित रैली में बोले राहुल

आगामी चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई

नागपुर (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजा महाराजाओं की तरह काम करती है और हर काम के लिए ऊपर के आदेश का पालन किया जाता है, लेकिन कांग्रेस में आम कार्यकर्ता की बात सुनी जाती है और साधारण कार्यकर्ता भी नेतृत्व तक अपनी बात पहुंचा सकता है।

कांग्रेस के 139वें स्थापना दिसव के अवसर पर यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में जनता को न्याय नहीं मिल रहा है। देश में दलितों, आदिवासियों, ओबीसी आदि के साथ अन्याय हो रहा है और उन्हें तब तक न्याय नहीं मिल सकता है जब तक देश में जाति के आधार पर जनगणना नहीं होती है। उनका कहना था कि कांग्रेस जब केंद्र में सत्ता में आएगी तो देश में जाति के आधार पर जनगणना की जाएगी। कांग्रेस नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम करती है और पूरे देश में, पूरे समाज में सौहार्द तथा भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए काम करती है।

हमारा उद्देश्य जनकल्याण और जनता की प्रगतिः खरगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम किया है जो संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित हो। कांग्रेस का आज 139वां स्थापना दिवस है और पार्टी अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार का प्रारंभ नागपुर में विशाल रैली के साथ कर रही है।खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इंडियन नेशनल कांग्रेस का उद्देश्य जन कल्याण और भारत के लोगों की प्रगति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विश्वास ऐसे भारत में है जो संसदीय लोकतंत्र पर आधारित हो, जहां समानता हो और भेदभाव के बिना सभी के लिए अवसर हों और जहां संविधान में दर्ज राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक अधिकारों का पालन होता हो।

स्पेशल खबर *दिल्ली-एनसीआर सहित कोहरे की चपेट में...*

पूरा उत्तर भारत, हवाई सेवाएं व ट्रेनें प्रभावित

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में कोहरे का सितम जारी है। दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़ से लेकर दक्षिण पश्चिम राजस्थान और उत्तरी मध्यप्रदेश में घने से अधिक घना कोहरा छाया हुआ है।

दिल्ली में गुरूवार को न्यूनतम तापमान औसत से एक डिग्री अधिक 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि घने कोहरे के कारण शहर के कई हिस्सों में दृश्यता कम रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दृश्यता कम होने से रेलगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ और दिल्ली आने वाली 22 रेलगाड़ियां निर्धारित समय से देरी से चल रहीं हैं। सुबह साढ़े पांच बजे पालम में दृश्यता महज 25 मीटर दर्ज की गई, जबकि सफदरजंग स्टेशन पर दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई। आईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा कि उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों तथा हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, दक्षिण पश्चिम राजस्थान तथा उत्तरी मध्य प्रदेश के दूर दराज के इलाकों में घने से बेहद घना कोहरा (0-25 मीटर) छाया रहा।

इसमें कहा गया कि पटियाला, अंबाला, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, पालम, बरेली, लखनऊ, वाराणसी और ग्वालियर में दृश्यता 30 मीटर से कम रही। विभाग के मुताबिक दिल्ली में अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। शहर की वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। आईएमडी ने कहा कि दिल्ली में सुबह आठ बजकर 30 मिनट पर सापेक्ष आर्द्रता 95 प्रतिशत दर्ज की गई। दिल्ली-एनसीआर के लगातार कोहरे की चपेट में रहने के कारण गुरुवार को 100 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुईं। इसका असर रेल और सड़क यातायात पर भी पड़ा। शीत लहर का प्रभाव सुबह की यात्रा के दौरान सबसे अधिक था। हवाई और रेल यात्रा दोनों में देरी की सूचना मिली है। खराब दृश्यता के कारण कई उड़ानों में देरी हुई या उन्हें रद्द कर दिया गया।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय के आरोप पत्र में प्रियंका गांधी का नाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा में पांच एकड़ जमीन के कथित अधिग्रहण और निपटान से संबंधित प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर आरोप पत्र में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम है। उनके पति रॉबर्ट वाड्रा का भी उल्लेख किया गया है। हालांकि, दोनों को अभी तक औपचारिक रूप से आरोपी नहीं बनाया गया है। चार्जशीट सी.सी. थंपी के खिलाफ दाखिल की गई है जो एनआरआई व्यवसायी हैं।